अध्याय - 5 | बदलती हुई सांस्कृतिक परम्पराएँ

QUIZ PART-03

1. **मानवतावादियों के अनुसार रोमन साम्राज्य के टूटने के बाद कौन-सा काल आरम्भ हुआ?**
   A. स्वर्ण युग
   B. धार्मिक पुनर्जागरण
   C. अंधकार युग
   D. वैज्ञानिक युग (C)

व्याख्या : उनका मानना था कि रोमन साम्राज्य के पतन के बाद आरम्भ हुआ काल अंधकारमय था।

2. **मानवतावादियों ने 'आधुनिक' शब्द का प्रयोग किस समय से किया?**
   A. दसवीं शताब्दी
   B. पंद्रहवीं शताब्दी
   C. सत्रहवीं शताब्दी
   D. उन्नीसवीं शताब्दी (B)

व्याख्या : पंद्रहवीं शताब्दी से प्रारम्भ होने वाले काल को 'आधुनिक' कहा गया।

3. **वेनिस के मानवतावादी फ्रेंचेस्को बरबारो ने किस गुण को महत्वपूर्ण माना?**
   A. वैज्ञानिक प्रयोग
   B. व्यापार-विस्तार
   C. संपत्ति अधिग्रहण
   D. सैन्य शक्ति (C)

व्याख्या : बरबारो ने संपत्ति प्राप्ति को विशेष गुण बताया।

4. **लोरेन्जो वल्ला के अनुसार इतिहास का अध्ययन मनुष्य को क्या प्रदान करता है?**
   A. धार्मिक श्रेष्ठता B. कठोर त्याग
   C. पूर्ण जीवन जीने की प्रेरणा D. युद्ध-कौशल (C)

व्याख्या : वल्ला ने माना कि इतिहास मनुष्य को सार्थक जीवन हेतु प्रेरित करता है।

5. **द प्रिंस (The Prince) नामक ग्रंथ किसने लिखा?**
   A. टॉमस मोर
   B. मैक्यावेली
   C. इरेस्मस
   D. पेराक (B)

व्याख्या : यह राजनीतिक ग्रंथ निकोलो मैक्यावेली ने 1513 में लिखा।

6. **स्त्रियों की शिक्षा के समर्थन में किसने लिखा कि हर स्त्री को सभी प्रकार की शिक्षा ग्रहण करने की इच्छा रखनी चाहिए?**
   A. इसाबेला द'एस्ते B. कैसान्द्रा फेदेले
   C. मैरी स्टुअर्ट D. कैथरीन पार (B)

व्याख्या : कैसान्द्रा फेदेले ने स्त्री-शिक्षा का समर्थन करते हुए यह विचार प्रस्तुत किया।

7. **'पाप-स्वीकारोक्ति' (Indulgence) का उद्देश्य क्या था?**
   A. युद्ध निधि बढ़ाना
   B. जनता को शिक्षा देना
   C. पापों से मुक्ति देने का दावा
   D. व्यापार को नियंत्रित करना (C)

व्याख्या : यह एक दस्तावेज था जिसकी आड़ में पादरी लोगों से धन लेकर पापों से मुक्ति का दावा करते थे।

8. **1517 में चर्च के विरुद्ध अभियान किसने प्रारंभ किया?**
   A. इरेस्मस
   B. टॉमस मोर
   C. मार्टिन लूथर
   D. जॉन कैल्विन (C)

व्याख्या : जर्मन भिक्षु मार्टिन लूथर ने चर्च की आलोचना करते हुए आंदोलन चलाया।

9. **1540 में 'सोसाइटी ऑफ जीसस' की स्थापना किसने की?**
   A. पोप ग्रेगरी
   B. इग्नेशस लोयोला
   C. जॉन कैल्विन
   D. ज्विंगली (B)

व्याख्या : यह संस्था प्रोटेस्टेंट आंदोलन के विरुद्ध खड़ी की गई और इसके अनुयायी जेसुइट कहलाए।

10. **कोपरनिकस ने किस सिद्धांत की घोषणा की?**
    A. पृथ्वी ब्रह्मांड का केंद्र है
    B. चंद्रमा सूर्य की परिक्रमा करता है
    C. सभी ग्रह सूर्य के चारों ओर परिक्रमा करते हैं
    D. सूर्य पृथ्वी के चारों ओर परिक्रमा करता है (C)

व्याख्या : उन्होंने बताया कि पृथ्वी सहित सभी ग्रह सूर्य के चारों ओर घूमते हैं, जिसने वैज्ञानिक सोच में बड़ा परिवर्तन लाया।

मिशन ज्ञान जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें! 100% FREE! Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES Download Mission Gyan App